मूंग खरीदी में सख्ती से किसान परेशान

- क्षमता से ज्यादा स्लॉट बुक होने से उपार्जन केंद्रों पर बढ़ा दबाव
- 764 किसानों की तुलाई और भुगतान बाकी

नर्मदापुरम, 16 अगस्त. मूंग उपार्जन में प्रशासन ने गैर-एफएक्यू उपज को लेकर सख्ती बढ़ा दी है, वहीं क्षमता से अधिक स्लॉट बुक होने से किसानों की परेशानी भी बढ़ गई है. कई उपार्जन केंद्रों पर निर्धारित क्षमता से ज्यादा किसानों के स्लॉट बुक होने के कारण तुलाई, भुगतान और भंडारण व्यवस्था पर दबाव बना हुआ है.

सेवा सहकारी समिति बागलखेड़ी में 2162 किसानों के स्लॉट बुक हैं, जबकि 764 किसानों की मूंग की तुलाई और बिल भुगतान अभी बाकी है. ऐसे में महज दो दिन में प्रक्रिया पूरी करना चुनौतीपूर्ण बना हुआ है. कलेक्टर सोमेश मिश्रा और पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा ने रविवार को माखननगर, सोहागपुर और सेमरी के मूंग उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण किया. कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्धारित गुणवत्ता मापदंडों पर खरी नहीं उतरने वाली नॉन-एफएक्यू मूंग किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाए. किसानों की उपज की समय पर तुलाई, गुणवत्ता परीक्षण और पारदर्शी उपार्जन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए.

764 किसानों की तुलाई और भुगतान बाकी- बागलखेड़ी उपार्जन केंद्र पर अधिक स्लॉट बुक होने के कारण किसानों की कतार लग रही है. समिति प्रबंधक के अनुसार निर्धारित क्षमता के मुकाबले स्लॉट अधिक होने से व्यवस्था प्रभावित हो रही है.

पुरानी मूंग या व्यापारी का माल मिला तो कार्रवाई

माखननगर के मीनेश वेयरहाउस में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने उपार्जित मूंग की जांच की. उन्होंने निर्देश दिए कि रिजेक्ट होने वाली उपज की विधिवत सूची तैयार कर उसका सत्यापन किया जाए. केंद्र पर पुरानी मूंग मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए. सोहागपुर के शक्ति वेयरहाउस और सेमरी के एसडब्ल्यूसी केंद्र के निरीक्षण में भी अधिकारियों को नॉन-एफएक्यू उपज स्वीकार नहीं करने की हिदायत दी गई. कलेक्टर ने कहा कि यदि किसी व्यापारी से माल प्राप्त होने की पुष्टि होती है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी.

बनखेड़ी में स्वतंत्रता दिवस समारोह, प्रतिभाओं का सम्मान

बनखेड़ी, 16 अगस्त. स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बनखेड़ी नगर में देशभक्ति और उत्साह के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए. मेला ग्राउंड एवं जनपद परिसर में जनपद अध्यक्ष पूनम भूपेंद्र पटेल ने ध्वजारोहण किया. वहीं नगर परिषद कार्यालय और झंडा चौक पर नगर परिषद अध्यक्ष हरीश मालानी ने तिरंगा फहराया. झंडा चौक पर आयोजित कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया. विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने रैली निकालकर देशभक्ति का संदेश दिया. समारोह में शिक्षा, खेल सहित अन्य क्षेत्रों में ब्लॉक एवं जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों और समाजसेवियों को सम्मानित किया गया. गणेश एवं दुर्गा उत्सव समितियों के सदस्यों को भी सामाजिक योगदान के लिए सम्मान प्रदान किया गया.

तवानगर विद्यालय प्रदेश में पांचवें स्थान पर

इटारसी. नर्मदापुरम जिले के केसला विकासखंड स्थित शासकीय आदर्श आवासीय विद्यालय तवानगर ने स्वच्छता और हरित परिसर के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है. मध्यप्रदेश के 200 से अधिक विद्यालयों के स्वच्छ एवं हरित विद्यालय सर्वे में तवानगर विद्यालय को प्रदेश में पांचवां स्थान मिला है. यह नर्मदापुरम जिले का इस सर्वे में स्थान प्राप्त करने वाला एकमात्र विद्यालय है.

स्वतंत्रता दिवस के जिला स्तरीय समारोह में लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल की ओर से प्रदान किया गया प्रमाण पत्र संस्था के प्राचार्य दीपक कुमार सोनी एवं अधीक्षक भूपेंद्र साहू ने ग्रहण किया. कार्यक्रम में मंत्री विश्वास सारंग, विधायक, सांसद और कलेक्टर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे.

तवा डैम के समीप वर्ष 1986 में स्थापित यह विद्यालय प्राकृतिक और शांत वातावरण के लिए जाना जाता है. यहां नर्मदापुरम संभाग के नर्मदापुरम, हरदा और बैतूल सहित सीहोर, रायसेन, मंडला, डिंडौरी, छिंदवाड़ा समेत अन्य जिलों के 245 विद्यार्थी रहकर अध्ययन कर रहे हैं.

विद्यालय के अधीक्षक भूपेंद्र साहू ने बताया कि परिसर की स्वच्छता, विद्यार्थियों के स्वास्थ्य, शैक्षणिक वातावरण और अन्य व्यवस्थाओं में निरंतर सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं. उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों, संस्था के प्राचार्य, शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों के सहयोग को दिया. उन्होंने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से विद्यालय लगातार प्रगति की ओर बढ़ रहा है.

एक नजर में

हरियाली उत्सव एवं स्वतंत्रता दिवस का भव्य आयोजन

हरदा . श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण नगर सभा द्वारा हरियाली तीज एवं स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में निजी होटल में हरियाली उत्सव आयोजित किया गया. उक्त जानकारी देते हुए सचिव कीर्ति तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम में महिलाओं के लिए वेस्ट ड्रेस, परिवार के साथ नृत्य, तिरंगा व्यंजन सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं बच्चों के लिए देशभक्ति आधारित प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं. अध्यक्ष किरण व्यास ने अतिथियों का स्वागत किया. भगवान गौतम ऋषि के पूजन के बाद सुकृत तिवारी ने गुरु वंदना प्रस्तुत की. शिव-पार्वती की सजीव झांकी में शिव तांडव ने सभी का मन मोह लिया. महिलाओं ने देशभक्ति गीतों सहित विभिन्न गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किए. महिलाओं को हरी चूड़ियां एवं सुहाग सामग्री वितरित की गई. इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रिया व्यास, सरपंच साधना व्यास सहित वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया. बच्चों को देशभक्ति गीत, कविता एवं पौधारोपण विषयक प्रस्तुतियों के लिए पुरस्कार दिए गए. कार्यक्रम का संचालन श्वेता व्यास एवं रितु पंचारिया ने किया. कार्यक्रम में समाज की बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं.

इटारसी में देशभक्ति का अनूठा रंग

इटारसी. स्वतंत्रता दिवस पर इटारसी का जयस्तंभ चौक राष्ट्रभक्ति, युवा शक्ति और पर्यावरण संरक्षण के संदेश से सराबोर रहा. राष्ट्रीय स्मारक पर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने ध्वजारोहण किया. एनसीसी कैडेट्स के गार्ड ऑफ ऑनर और स्कूली बैंड की देशभक्ति धुनों ने समारोह में उत्साह भर दिया. इससे पहले सुबह 8:30 बजे नगर पालिका प्रांगण में उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत ने ध्वजारोहण किया. मुख्य समारोह में राष्ट्रगीत वंदे मातरम् और राष्ट्रगान जन गण मन की गूंज के बीच मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन किया गया. संदेश में नर्मदापुरम जिले के साहित्यिक गौरव दादा माखनलाल चतुर्वेदी, भवानी प्रसाद मिश्र और हरिशंकर परसाई के योगदान को याद किया गया.

भीषण आग में लाखों का नुकसान

नर्मदापुरम. मुख्य बाजार सतरस्ते स्थित पेट्रोल पंप के पास दुकानों में भीषण आग लग गई. रात करीब 12.30 से 1 बजे के बीच लगी आग देखते ही देखते विकराल हो गई और ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं. आग में पांच दुकानों और फुटपाथ पर ठेला लगाने वाले तीन व्यापारियों का सामान जलकर राख हो गया. प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक करीब 20 लाख रुपए से अधिक के नुकसान की आशंका है. सूचना मिलते ही रात्रि गश्त पर मौजूद एसडीओपी जितेंद्र पाठक, कोतवाली टीआई गौरव बुंदेला और पुलिस स्टाफ मौके पर पहुंचा. नगर पालिका की दमकल के साथ इटारसी नगर पालिका और एसपीएम की सीआईएसएफ यूनिट की फायर ब्रिगेड को भी बुलाया गया.

इटारसी न्यायालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह

इटारसी. न्यायालय परिसर इटारसी में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया. इस अवसर पर राष्ट्रध्वज फहराया गया और न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं तथा न्यायालयीन कर्मचारियों ने राष्ट्रगान का गायन किया.

समारोह में जिला न्यायाधीश आदित्य रावत, न्यायाधीश अनीता खजूरिया, आयुषी गुप्ता, यतिन अग्रवाल एवं प्राची कौरव सहित अधिवक्ता संघ अध्यक्ष रमेश सिंह राजपूत, सचिव पारस जैन और न्यायालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे.

प्रतियोगिता विजेताओं का सम्मान- तहसील विधिक सेवा समिति की ओर से आयोजित 'उल्लास—एक अभिनव प्रयोग' के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया. नृत्य प्रतियोगिता में अवनी वर्मा प्रथम, तुषिका कल्याणे द्वितीय और भूमिका विश्वकर्मा तृतीय रहीं. चित्रकला में तनिष्का लुटारे प्रथम, नव्या रावत द्वितीय और दिव्यांशी मिश्रा तृतीय रहीं. गायन प्रतियोगिता में आस्तिक ओझा प्रथम, रमेश धूरिया द्वितीय और धर्मेंद्र धुर्वे तृतीय रहे. विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में अधिवक्ता दुर्गेश बामने ने बांसुरी वादन और मास्टर लविश मेहरा ने तबला वादन किया. दोनों को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए. अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न्यायालय परिवार में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देते हैं.

आज निकलेगी वाहन तिरंगा यात्रा

नर्मदा पुरम. हर घर तिरंगा अभियान और स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में नर्मदा अंचल पत्रकार संघ द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन आज सोमवार 17 अगस्त को किया जाएगा. तिरंगा यात्रा नर्मदांचल पत्रकार भवन कोठी बाजार से दोपहर 12 बजे निकलेगी. इस मौके पर विधायक डॉ सीताशरण शर्मा, सांसद दर्शन सिंह चौधरी , सांसद माया नारोलिया, नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, कमिश्नर श्रीकांत बनोठ, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा, एडीएम राकेश शुक्ला, एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी , पत्रकारगण, समाजसेवी स्वयंसेवी संगठन के पदाधिकारी, सहित शहरवासी शामिल होंगे.

सिवनी मालवा में शान से लहराया तिरंगा, देशभक्ति के रंग में रंगा नगर

सिवनी मालवा, 16 अगस्त. 80वें स्वतंत्रता दिवस पर सिवनी मालवा में देशभक्ति और उत्साह का माहौल रहा. विभिन्न शासकीय-अशासकीय संस्थानों, स्कूलों और कॉलेजों में ध्वजारोहण किया गया. जयस्तंभ चौक पर नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन ने तिरंगा फहराया. इसके बाद गांधी चौक पर महात्मा गांधी और शहीद गैलरी में वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई.

मुख्य समारोह बानापुरा स्थित कुसुम महाविद्यालय ऑडिटोरियम में हुआ. सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने ध्वजारोहण कर परेड, एनसीसी बैंड और गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी ली. नगर पालिका अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया. समारोह में विद्यार्थियों ने एक दर्जन से अधिक रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से देशभक्ति, सामाजिक समरसता, जैविक खेती, शराबबंदी, पेपर लीक और समसामयिक मुद्दों पर संदेश दिया..

उत्साह से मना स्वतंत्रता दिवस

माखन नगर. स्वतंत्रता दिवस धूमधाम एवं उत्साह से मनाया गया नगर में शासकीय कार्यालयो में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर रोशनी की गई नगर में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य कार्यक्रम समारोह पूर्वक मॉडल स्कूल में किया गया जहां जनपद अध्यक्ष सावित्री परनामें ने ध्वजारोहण किया नगर परिषद अध्यक्ष रीना आकाश तिवारी ने मुख्यमंत्री का संदेश वाचन करते हुए क्षेत्र के नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी. पुलिस जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया.

मूंग तुलाई में देरी पर किसानों का चक्काजाम

माखननगर.मूंग की तुलाई की धीमी रफ्तार और बिल नहीं बनने से नाराज किसानों ने गोद वेयरहाउस के सामने नर्मदापुरम-पिपरिया मार्ग पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियां खड़ी कर चक्काजाम कर दिया. करीब एक घंटे तक मार्ग बंद रहने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई.

सूचना मिलते ही तहसीलदार सुनीता साहनी और थाना प्रभारी सहित प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे. अधिकारियों ने किसानों, समिति प्रबंधक और वेयरहाउस संचालक से चर्चा की.

समझाइश के बाद किसानों ने ट्रैक्टर-ट्रॉलियां हटाईं और यातायात बहाल हुआ. राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के रमाकांत मीणा ने बताया कि वेयरहाउस पर 2162 किसानों के स्लॉट बुक हैं, जबकि अभी 764 किसानों की मूंग की तुलाई बाकी है. खरीदी के लिए केवल दो दिन शेष होने से किसानों को चिंता है कि सभी की उपज की तुलाई कैसे हो पाएगी.

देशभक्ति के रंग में रंगा द चैम्प्स फन स्कूल

नर्मदापुरम. द चैम्प्स फन स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह देशभक्ति, उत्साह और गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय समिति के चेयरमैन पी के चटर्जी ने ध्वजारोहण कर किया. विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, भाषण, योग, फैंसी ड्रेस सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया. बड़ी संख्या में अभिभावकों ने उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया. प्राचार्य डॉ. आशीष चटर्जी ने अपने संबोधन में आदर्श नागरिक कर्तव्यों, सामाजिक जिम्मेदारियों और बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया. उन्होंने बताया कि विद्यालय में प्लेग्रुप स्तर से ही बच्चों को मंच प्रदान कर उनमें आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित की जाती है.

मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब

नर्मदापुरम. पचमढ़ी में चल रहे प्रसिद्ध नागद्वारी मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है. अब तक करीब 5 लाख श्रद्धालु बाबा नागराज और वासुकी महादेव के दर्शन कर चुके हैं. रविवार को ही लगभग एक लाख श्रद्धालुओं ने दुर्गम पहाड़ी मार्ग से यात्रा शुरू की. पूरे मेला क्षेत्र में 'बम-बम भोले' और 'जय नागदेव' के जयकारे गूंजते रहे. मध्यप्रदेश के अमरनाथ के नाम से प्रसिद्ध यह यात्रा सतपुड़ा की पहाड़ियों के बीच कठिन रास्तों से होकर पूरी होती है.

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं. जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन और एसडीएम आकिप खान के मार्गदर्शन में मेला क्षेत्र को अलग-अलग सेक्टरों में बांटकर अधिकारियों की तैनाती की गई है. पुलिस, होमगार्ड और रेस्क्यू टीमों को संवेदनशील स्थानों पर तैनात किया गया है. मेला क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक के साथ विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है. सफाईकर्मियों की टीमें लगातार कचरा प्रबंधन में जुटी हैं. श्रद्धालुओं के लिए अस्थायी चिकित्सा केंद्र और एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है.

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

हरदा. जिले में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के साथ मनाया गया. वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई मैदान में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का प्रसारण किया गया तथा मंत्री श्री वर्मा ने जिलेवासियों के लिए बधाई संदेश का वाचन किया. समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों एवं लोकतंत्र सेनानियों के परिजनों का शॉल-श्रीफल एवं माल्यार्पण कर सम्मान किया गया. उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए.

हर्षोल्लास जिला मुख्यालय के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में मंत्री विश्वास सारंग ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली.

देशभक्ति के रंग में रंगा 80वां स्वतंत्रता दिवस

नर्मदापुरम. जिले में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति के साथ मनाया गया. जिला मुख्यालय के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली.

परेड कमांडर परिवीक्षाधीन उप पुलिस अधीक्षक पूजा लक्षकार और उप कमांडर सूबेदार सूरज जामरा के नेतृत्व में दलों ने आकर्षक मार्चपास्ट किया. मंत्री ने दलनायकों से परिचय प्राप्त कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया.

समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रदेशवासियों के नाम स्वतंत्रता दिवस संदेश का सीधा प्रसारण किया गया. मार्चपास्ट में जिला पुलिस बल पुरुष ने प्रथम, जिला पुलिस बल महिला ने द्वितीय और एसएएफ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. इसके बाद स्कूली बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया.

नगर पालिका हरदा में स्वतंत्रता दिवस समारोह

हरदा. नगर पालिका परिषद हरदा में देशभक्ति और हर्षोल्लास के साथ भारत का 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत कलेक्टर सिद्धार्थ जैन द्वारा नगर पालिका कार्यालय परिसर स्थित अमर शहीद स्मारक पर ज्योति को नमन और पुष्पहार अर्पित करने के साथ हुई. उन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए प्राणों का बलिदान देने वाले अमर शहीदों, क्रांतिकारियों और देशभक्तों को श्रद्धांजलि अर्पित की. कलेक्टर ने शहीद गैलरी का भी अवलोकन किया.

पिनेकल एकेडमी में धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस समारोह

हरदा. पिनेकल एकेडमी में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया. मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार एवं 'अनोखा तीर' के संपादक प्रहलाद शर्मा ने ध्वजारोहण किया. राष्ट्रगान के बाद अतिथियों ने सरस्वती पूजन किया. संस्था संचालक अब्दुल सईद खान एवं सुल्ताना खान ने अतिथियों का शॉल, श्रीफल, अभिनंदन पत्र और बिल्व पौधा भेंट कर स्वागत किया. मुख्य अतिथि प्रहलाद शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को सही दिशा देना शिक्षकों की जिम्मेदारी है. स्वतंत्रता को सार्थक बनाने के लिए **आत्मनिर्भरता सबसे बड़ी कुंजी** है. उन्होंने बच्चों को स्वावलंबी बनने, नियमों का पालन करने और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने का संदेश दिया.

In The Court Of II Civil Judge, Class-I
District Court, Narmadapuram
Presiding Officer- श्रीमति दिव्या मित्तल
(आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम)
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000011/2026)
रतन सागर सावदेकर ----------वादी
Vs
चंदरमणी सावदेकर ---------- प्रतिवादी
Process Id-653a/2026
पेशी दिनांक- 17/09/2026
प्रेषिती- (1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण
(2) आम जनता
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रतन सागर सावदेकर पता ने मृतक गौतम सावदेकर निवासी तवा नगर की 1,75,000 राशि संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 17 September 2026 को नियत है. यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 17 September 2026 को न्यायालय में स्वयं अप सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 04 August 2026 को मेरे हस्ताक्षरसे और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी - प्रकाशन
कृपया ध्यान दें - यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा.
न्यायाधीश- श्रीमति दिव्या मित्तल
द्वितीय सिविल न्यायाधीश नर्मदापुरम

In The Court Of II District and Additional Session Judge, District Court, Narmadapuram
Presiding Officer- अभिनव कुमार जैन
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(MJC /0000080/2026)
फरहा बेगम ----------वादी
Vs
सर्वसाधारण ---------- प्रतिवादी
Process Id-/133a 2026
पेशी दिनांक- 09/10/2026
प्रेषिती-(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण
यह कि प्रार्थी फरहा बेगम ने आपके विरुद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 29 एवं 31 संरक्षक और प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 के लिये आवेदन प्रस्तुत किया है .आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें) यह आज तारीख -08 August 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है.
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी - प्रकाशन
कृपया ध्यान दें - यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा.
न्यायाधीश- अभिनव कुमार जैन
द्वितीय जिला न्यायाधीश
जिला नर्मदापुरम

कार्यालय नगर पालिका परिषद् हरदा जिला हरदा (म.प्र.)
Email-cmoharda@mpurban.gov.in conn. 07577222238
https://nagarpalikaharda.org Toll free No 18002331353
क्रमांक 4280/लोक निर्माण/2026 हरदा, दिनांक 14/8/26
(नियम 91(1)(क)(11))
ई नगर पालिका आमंत्रण सूचना का प्रारूप
मध्यप्रदेश शासन
नगर पालिका परिषद हरदा नगर पालिका का नाम
एन.आई.टी. संख्या 4996 से 4997/तक/ई-टेंडरिंग
निम्नलिखित निर्माण / आपूर्ति / सेवाओं के लिए निविदा मापदंडों को पूरा करने वाले ठेकेदारों / कंसल्टेंट्स और प्राप्त फर्म्स से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित हैं-

क्र.सं. पैकेज	निर्माण कार्य / आपूर्तियां / सेवायें	जिला	संभावित राशि	समय अवधि
2026_UAD_529455_1	वार्ड क्र. 17 श्यामा नगर स्थित राठौर जी के मकान के सामने स्थित पार्क की बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य.	हरदा	537342	2 माह
2026_UAD_505692_3	वार्ड क्र. 18 नेहरू स्टेडियम गेट क्रमांक 02 के पास सार्वजनिक मूत्रालय निर्माण कार्य.		99093	2 माह

1. इच्छुक निविदाकार वेबसाइट पर एनआईटी देख सकता है www.mptenders.gov.in. 2. निविदा दस्तावेज सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर टेण्डर क्र. 1- 2026_UAD_529455_1, 2- 2026_UAD_505692_3 दिनांक 13/08/26 से 27/08/26 समय 5.30 बजे तक. 3. एनआईटी में संशोधन यदि कोई होता है तो केवल वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्र में नहीं. 4. किसी भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो तो कृपया श्री विवेक दुबे उपयंत्री मोबाइल नं. 9425044254 पर संपर्क करें.
मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद हरदा